INTERNATIONAL RESEARCH FELLOWS ASSOCIATION

February 2022 E-ISSN : 2348-7143

International Research Fellows Association's

RESEARCH JOURNEY

International E-Research Journal

Peer Reviewed, Referred & Indexed Journal

Special Issue – 286 (B)

अतिथी संपादक :
डॉ. उज्जन कदम, (प्राचार्य)
समाजश्री प्रशांतदादा हिरे कला, विज्ञान एवं वाणिज्य महाविद्यालय, नामपुर, तह. बागलान, जि. नासिक (महाराष्ट्र)

विशेषांक संपादक :
प्रा. हर्षल बच्छाव

विशेषांक सह-संपादक :
प्रा. रवींद्र ठाकरे
प्रा. आनंदा पवार

मुख्य संपादक : डॉ. धनराज धनगर

For Details Visit To : www.researchjourney.net

SWATIDHAN PUBLICATIONS

Scanned by CamScanner

February-2022 E-ISSN – 2348-7143

K.A.A.N.M. Sonawane Arts, Comm. & Sci. College SATANA 423301 NASHIK

INTERNATIONAL RESEARCH FELLOWS ASSOCIATION'S

RESEARCH JOURNEY

International E-Research Journal

Peer Reviewed, Referred & Indexed Journal

Issue – 286 (B)

अतिथी संपादक :
डॉ. उज्जन कदम, (प्राचार्य)
समाजश्री प्रशांतदादा हिरे कला, विज्ञान एवं वाणिज्य महाविद्यालय, नामपुर, तह. बागलान, जि. नासिक (महाराष्ट्र)

विशेषांक संपादक :
प्रा. हर्षल बच्छाव

विशेषांक सह-संपादक :
प्रा. रवींद्र ठाकरे
प्रा. आनंदा पवार

मुख्य संपादक : डॉ. धनराज धनगर

SWATIDHAN INTERNATIONAL PUBLICATIONS
For Details Visit To : www.researchjourney.net

*Cover Photo (Source) : Internet.

© All rights reserved with the authors & publisher

Price : Rs. 1000/-

Published by –
© Mrs. Swati Dhanraj Sonawane, Director, Swatidhan International Publication, Yeola, Nashik
Email : swatidhanrajs@gmail.com Website : www.researchjourney.net Mobile : 9665398258

Scanned by CamScanner

Editorial Board

Chief Editor -
Dr. Dhanraj T. Dhangar,
Assist. Prof. (Marathi)
MGV's Arts & Commerce College,
Yeola, Dist – Nashik [M.S.] INDIA

Executive Editors :
Dr. Tejesh Beldar, **Nashikroad (English)**
Dr. Gajanan Wankhede, **Kinwat (Hindi)**
Mrs. Bharati Sonawane, **Bhusawal (Marathi)**
Dr. Rajay Pawar, **Goa (Konkani)**

Co-Editors -
- **Prof. Mohan S.** - Dean faculty of Arts, Delhi University, **Delhi, India**
- **Prof. Milena Brotaeva** - Head, Classical East Department, Sofia University, **Sofia, Balgeria**
- **Dr. R. S. Sarraju** – Center for Translation Studies, University of Hydeabad, **Hydrabad, India**
- **Mr.Tufail Ahmed Shaikh**- King Abdul Aziz City for Science & Technology, Riyadh, **Saudi Arabia.**
- **Dr. Anil Dongre** - Head, Deptt. of Management, North Maharashtra University, Jalgaon **[M.S.] India**
- **Dr. Shailendra Lende** - R.T.M. Nagpur University, Nagpur **[M.S.] India**
- **Dr. Dilip Pawar** - BoS Member (SPPU), Dept. of Marathi, KTHM College, Nashik. **[M.S.] India**
- **Dr. R. R. Kazi** - North Maharashtra University, Jalgaon **[M.S.] India**
- **Prof. Vinay Madgaonkar** - Dept. of Marathi, Goa University, **Goa, India**
- **Prof. Sushant Naik** - Dept. of Konkani, Govt. College, Kepe, **Goa, India**
- **Dr. G. Haresh** - Associate Professor, CSIBER, Kolhapur **[M.S.] India**
- **Dr. Munaf Shaikh** - N. M. University, Jalgaon & Visiting Faculty M. J. C. Jalgaon **[M.S.] India**
- **Dr. Sanjay Kamble** -BoS Member Hindi (Ch.SU, Kolhapur), T.K. Kolekar College, Nesari **[M.S.]**
- **Prof. Vijay Shirsath**- Nanasaheb Y. N. Chavhan College, Chalisgaon **[M.S.] India**
- **Dr. P. K. Shewale** - BoS Member (SPPU), MGV's LVH College, Panchavati-Nashik **[M.S.] India**
- **Dr. Hitesh Brijwasi** - Librarian, K.A.K.P. Com. & Sci. College, Jalgaon **[M.S.] India**
- **Dr. Sandip Mali** - Sant Muktabai Arts & Commerce College, Muktainagar **[M.S.] India**
- **Prof. Dipak Patil** - S.S.V.P.S.'s Arts, Sci. and Com. College, Shindhkheda **[M.S.] India**
- **Prof. K. M. Waghmare** - Librarian, Anandibai Raorane College, Sawantwadi **[M.S.] India**
- **Prof. Vidya Surve-Borse**- MGV's LVH Arts, Sci. & Com.College, Panchavati-Nashik **[M.S.] India**

Advisory Board -
- **Dr. Marianne Kosic** - Scientific-Cultural Institute, Mandala, **Trieste, Italy.**
- **Dr. M.S. Pagare** - Director, School of Languages Studies, North Maharashtra University, Jalgaon
- **Dr. R. P. Singh** -HoD, English & European Languages, University of Lucknow **[U.P.] India**
- **Dr. S. M. Tadkodkar** - Rtd. Professor & Head, Dept. of Marathi, Goa University, **Goa, India.**
- **Dr. Pruthwiraj Taur** - Chairman, BoS, Marathi, S.R.T. University, Nanded.
- **Dr. N. V. Jayaraman** - Director at SNS group of Technical Institutions,**Coimbatore**
- **Dr. Bajarang Korde** - Savitribai Phule Pune University **Pune, [M.S.] India**
- **Dr. Leena Pandhare** - Principal, NSPM's LBRD Arts & Commerce Mahila Mahavidyalaya, Nashik Road
- **Dr. B. V. Game** - Principal, MGV's Arts and Commerce College, Yeola, Dist. Nashik.

Review Committee -
- **Dr. J. S. More** - BoS Member (SPPU), Dept. of Hindi, K.J.Somaiyya College, Kopargaon
- **Dr. S. B. Bhambar,** BoS Member Ch.SU, Kolhapur, T.K. Kolekar College, Nesari
- **Dr. Uttam V. Nile** - BoS Member (NMU, Jalgaon) P.S.G.V.P. Mandals ACS College, Shahada
- **Dr. K.T. Khairnar**- BoS Member (SPPU), Dept. of Commerce, L.V.H. College, Panchavati
- **Dr. Vandana Chaudhari** KCE's College of Education, Jalgaon
- **Dr. Sayyed Zakir Ali,** HoD, Urdu & Arabic Languages, H. J. Thim College, Jalgaon
- **Dr. Sanjay Dhondare** - Dept. of Hindi, Abhay Womens College, Dhule
- **Dr. Amol Kategaonkar** - M.V.P.S.'s G.M.D. Arts, B.W. Commerce & Science College, Sinnar.

Published by –
© **Mrs. Swati Dhanraj Sonawane, Director, Swatidhan International Publication, Yeola, Nashik**
Email : swatidhanraj@gmail.com **Website :** www.researchjourney.net **Mobile :** 9665398258

Scanned by CamScanner

'RESEARCH JOURNEY' International E- Research Journal | E-ISSN : 2348-7143
Issue - 286 (B) : हिंदी साहित्य में आदिवासी चेतना | February-2022
Impact Factor : 6.625 | Peer Reviewed Journal

अनुक्रमणिका

अ.क्र.	शीर्षक	लेखक/लेखिका	पृ.क्र.
०१	'धरती आबा' नाटक में चित्रित आदिवासी चेतना	डॉ. योगिता हिरे, प्रो. डॉ. अनिता नेरे	०७
०२	आदिवासी समाज : वर्तमान दशा और दिशा	डॉ. अशोक जाधव	१३
०३	महादेव टोप्पो की कविताओं में आदिवासी चेतना	प्रो. डॉ जिभाऊ मोरे	१७
०४	हिंदी काव्य विधा में आदिवासी चेतना	डॉ. पूनम बोरसे	२२
०५	हिंदी काव्य में आदिवासी चेतना	डॉ. राजाराम शेवाले	२९
०६	आदिवासी कहानियों में चेतना के स्वर	डॉ. रघुनाथ वाकळे	३३
०७	कवि वृजेश सिंह की गज़लों में अभिव्यक्त आदिवासी चेतना	प्रा.रविंद्र ठाकरे, प्रो. डॉ. अनिता नेरे	३८
०८	आदिवासी विमर्श	प्रा. के. के. बच्छाव	४३
०९	लोक संस्कृति का संवाहक - आदिवासी समाज	डॉ. यशोदा मेहरा	४५
१०	हिंदी काव्य नाटक विधा में आदिवासी चेतना	डॉ. व्ही. डी. सूर्यवंशी	४९
११	निर्मला पुतुल की कविताओं में आदिवासी स्त्री विमर्श	प्रा. हंसा बागरे	५२
१२	हिंदी मौखिक इतिहास मे आदिवासी चेतना	डॉ. ज्योती रामोड	५७
१३	राजेंद्र अवस्थी के उपन्यास में आदिवासी विमर्श	डॉ. सीताबाई पवार	६०
१४	हिंदी कविताओं में आदिवासी चेतना	डॉ. योगिता घुमरे	६४
१५	उपन्यास साहित्य में चित्रित आदिवासी जीवन संघर्ष	प्रा. निलेश पाटील	६७
१६	हिंदी साहित्य में आदिवासी चेतना	प्रा. निलेश देशमुख	७०
१७	कथाकार संजीव के 'धार' उपन्यास में चित्रित आदिवासी चेतना	डॉ. अनिता राजबंशी, प्रो. डॉ. अनिता नेरे	७४
१८	आदिवासी समाज और हिंदी नाटक	डॉ. दीपा कुचेकर	७९
१९	हिंदी उपन्यास विधा में आदिवासी चेतना	डॉ. बाबासाहेब रसूल शेख	८५
२०	हिन्दी साहित्य में आदिवासी चेतना	प्रा. जगदीश पाटनवार	८८
२१	२१ वी सदी के हिंदी काव्य में आदिवासी चेतना	डॉ. संदिप देवरे	९१
२२	'मौन घाटी' उपन्यास में आदिवासियों का सामाजिक जीवन	प्रा. हर्षल बच्छाव, प्रो. डॉ. अनिता नेरे	९४
२३	हिंदी काव्य विधा मे आदिवासी चेतना	प्रा. दिपक आहिरे	९७
२४	समकालीन आदिवासी साहित्य में जन चेतना	प्रा. राकेश पगार	१००

Our Editors have reviewed papers with experts' committee, and they have checked the papers on their level best to stop furtive literature. Except it, the respective authors of the papers are responsible for originality of the papers and intensive thoughts in the papers. Nobody can republish these papers without pre-permission of the publisher.

- Chief & Executive Editor

Scanned by CamScanner

SWATIDHAN INTERNATIONAL PUBLICATIONS
For Details Visit To : www.researchjourney.net

*Cover Photo (Source) : *Internet*.

© All rights reserved with the authors & publisher

Price : Rs. 1000/-

Published by –
© Mrs. Swati Dhanraj Sonawane,
Director,
Swatidhan International Publication,
Yeola, Nashik

Email : swatidhanrajs@gmail.com
Website : www.researchjourney.net
Mobile : 9665398258

Scanned by CamScanner

'RESEARCH JOURNEY' International E- Research Journal
Issue - 286 (B) : हिंदी साहित्य में आदिवासी चेतना
Impact Factor : 6.625 Peer Reviewed Journal
E-ISSN : 2348-7143
February-2022

आदिवासी समाज और हिंदी नाटक

डॉ. दीपा दत्तात्रय कुचेकर
सहाय्यक अध्यापिका, हिंदी विभाग
कर्मवीर आबासाहेब तथा ना.म. सोनवणे कला, वाणिज्य एवं विज्ञान महाविद्यालय,
सटाणा, नाशिक महाराष्ट्र
drdeepakuchekar@gmail.com

साहित्यजगत स्त्री अल्पसंख्यांक, दलित, घुमंतू एवं आदिवासी जैसी जनजातियों के प्रति नए-नए विचारों को केंद्र में रखकर साहित्य का सृजन एवं पुनर्सृजन कर रहा है | भारतीय सभ्यता में आदिवासी समाज प्रकृति के सानिध्य में अपना जीवन यापन करता आया है | इन के लिए प्रकृति ही देवता है | आदिवासीयों को उपहासात्मक दृष्टि से जंगली, सहानुभूती से धरती पुत्र , आदि कहाँ जाता है | महात्मा गांधी जी ने इन के लिए " गिरिजन " [1] शब्द प्रयुक्त कर प्रचलित किया है | "

आदिम (वि) आदि + डिमच - प्रथम, आदिकाल के "[2] "आदि (स्त्री) मूळ, आरंभ, उद्भव, a beginning (संस्कृत आदि , आ + ददाती) " [3] आदि आदिम के आशय प्राप्त होते हैं |

समाजशास्त्रीय परिभाषा में कहे तो विशेष कालखंड, विशेष परिस्थितियों में जीवनयापन करते हुए नगरीय जीवन की तुलना में आदिमता अर्थात पुरानी परंपरा, रीति-रिवाज जतन करनेवाले लोग आदिवासी कहे जाते हैं | आदिवासी की वन्य जातियों का वर्गीकरण करने का प्रयास' इंडियन कॉन्फ्रेंस ऑफ सोशल वेलफेयर वर्क्स ' ने किया | इस संस्था द्वारा ट्रायबल वेलफेयर कमेटी का कलकता में अधिवेशन लिया गया इस अवसर पर एकत्रित मानव वंश शास्त्रज्ञ एवं समाज कार्यकर्ताओं ने भारतीय वन्य जातियों का वर्गीकरण किया " घने जंगलों में रहनेवाला, प्राचीन जीवन क्रमवाला वन्य समाज (ट्राईबल कम्युनिटीज), ग्रामीण रीति-रिवाजों से जीवन जीनेवाला अर्ध वन्य समाज (सेमी ट्राईबल कम्युनिटीज), संस्कारित वन्य जमाती, हिंदू समाज रचना में समायी हुई जमाती" [4]

महाराष्ट्र में कुल 47 आदिवासी जमातीया पायी जाती है । आंध, वैगा, बेरडा, वावचा , बामचा, भैना, भारिया, भूमिया, भूईनहार, भूमिया, पांडो, भात्रा, भिल्ल, मुंजिया, विंझवार, विरहुल, विरहोल, चौधरी, धाणका, धनवार, धोंडिया, दुबळा, गावित, गोंड, हलवा, हलबी, कमार, मल्हार, कोळी, ढोर, परधान, पारधी, परजा, ठाकूर, वारली, मन्नेरवारलु, आदि. आदिवासियों की अपनी धर्म संकल्पनाए, रूढी, परंपरा, जीवन शैली, शिक्षा आदि आज भी वैशिष्ट्यपूर्ण हैं | इनकी अपनी बोलिया, भाषा है | आज बांगला, ओडिया, तेलुगु, कन्नड, संथाली, मल्यालम, मराठी, हिंदीआदि में आदिवासी जनजीवन को लेकर लेखन किया जा रहा है | भारतीय साहित्यकारों ने आदिवासियों की सभ्यता, शोषण, विस्थापन, अस्मिता की पहचान, परंपरा, आंचलिकता, भाषा आदि को महत्व दिया है | भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन का एक क्रांतिकारी विरसा मुंडा आदिवासी युवक हैं जो आदिवासी समाज का आदि दैवत माना जाता है |

मराठी नाट्य साहित्य मे आदिवासीयों को लेकर नाटक एवं एकाकियों का सृजन किया गया है | ' एकलव्य' -विश्वनाथ खैरे, 'तोडसाम' सोनेता कुर्स विठ्ठलराव कन्ना चे जयवुल हाल पेन आदि गोंडी भाषा में लिखित स्वतंत्र निर्मिती है | कुंडलिक केदारी - 'छळ आणि विरह', मुजंग मेश्राम -'औतान माता माय, सवारी, सॉग आदि एकांकी |

हिंदी नाट्य साहित्य में 'प्रकाश स्तंभ', हरिकृष्ण प्रेमी - 'नरसिंह कथा', लक्ष्मीनारायण लाल -' एक और द्रोणाचार्य', शंकर शेष -'अंधा युग', धर्मवीर भारती - 'विरसा मुंडा', त्रिपुरारी शर्मा - 'हिरमा की कहानी', हबीब तनवीर - 'शंबुक', जगदीश गुप्त-'एक बार फिर', डॉ. सुशील कुमार 'सुमन'- ' मोर्चा मानगड', धनश्याम

Scanned by CamScanner

सिंह भाटी 'प्यासा', 'धरती आबा', ऋषिकेश सुलभ आदि नाटक आदिवासीयों को विभिन्न रूपों में, विभिन्न कोणों से आंकते हैं | हिंदी के नाटकों का लोकोन्मुखी और जागरणकारी स्वरूप भारतेंदु हरिश्चंद्र से ही प्राप्त होता है | "उन्होंने संस्कृत नाटकों के दस प्रकारों में नाटक लिखे | इन नाटकों में सामान्य जीवन के कुजडिन, गडेरिया साधु आदि विभिन्न क्षेत्रों के लोगों का पात्र के रूप में प्रयोग किया | "[5] जो नाटक के सामाजिक कलेवर का विस्तार और परिवर्तन था |

भारत में देशज आधुनिकता की लोकनाट्य परंपरा निरंतर प्रवाहमान रहीं है | इस धारा में भारत के बहुजन समाज की लोकनाट्य शैलियों की परंपरा मौजूद है। भिकारी ठाकुर ने विदेशिया लोक नाट्य शैली में इन्हीं उपेक्षित समझी जानेवाली जातियों के मनोभावों और समाज को सामने लाने का काम व्यापक स्तर पर किया | हरि कृष्णा प्रेमी का प्रकाश स्तंभ यह एक ऐतिहासिक संदर्भ को प्रस्तुत करनेवाला नाटक है | जो मेवाड़ का राजवंश अपने आदि पुरुष बाप्पा रावल पर गर्व करता है | उसके व्यक्तित्व के साथ जनश्रुतियों में अनेक दैवी और चमत्कारिक घटनाएं प्रचलित है | बाप्पा के कार्य और विचार हमारे आज के भारत के लिए भी प्रकाश स्तंभ के रूप में है |

हिंदी भवन इलाहाबाद द्वारा प्रकाशित ' हमारा राजस्थान ' ग्रंथ में उल्लेख है " चित्तौड़ पर हुए एक अरब आक्रमण में इनी मानमोरी ने राज्य की रक्षा करने में कमजोरी दिखायी जिस पर उसके सरदार नागदा के गुहिल पुत्र बाप्पा (काल भोज) ने 728 ई के करीब चित्तौड़ का दुर्ग उससे छीन लिया था | "[6] बाप्पा रावल स्वयम् राजा नहीं था लेकिन अरबों की बाढ को रोकने के लिए उसे दुर्बल राजा से राज्य छिनना पड़ा | बाप्पा " नीच और ऊच के, क्षत्रिय और भिल के, राजा और प्रजा के बीच विषमता की खाई को पाट देना चाहता है | "[7] जीवन का चक्कर बहुत तेजी से घुमता है और बाप्पा चित्तौड़ के महाराजा मानसिंह मौर्य की सेना का सेनापति बनता हैं | " बाप्पा तो उस राम का वंशज है जिसने विषाद को गले लगाया, जिसने शबरी भीलनी के झूठे बेर खाए, जिसने वानर सेना संगठित कर लंका को जीता था | "[8] बाप्पा ग्वाल वनपुत्र भील-मीणा आदि सखाओं के संगठन तथा अपनी परिपुष्ट काया से विजयश्री प्राप्त करता है तथा चित्तौड़धिपति कालभोज बाप्पा रावल बनता है |

हबीब तनवीर 'हिरमा की अमर कहानी' नाट्यकृति आदिवासी रियासत तितूरबसना की कहानी है | चितूरबसना के शासक महाराज हिरमन देव सिंह गंगवंशी के गद्दी पर बैठने के कुछ ही महिने बाद रियासत तितूरबसना भी दूसरी रियासतों की तरह हिंदुस्तानी शासन में शामिल कर ली गई तब यह सवाल उठा कि सामंतवाद को खत्म कर लोकतंत्र किस तरह स्थापित किया जाए क्योंकि उस रियासत की पूरी आबादी आदिवासी है | " उनका जीवन आदिवासी जीवन है और आदिवासी जीवन को सामंतवादी जीवन नहीं कहाँ जा सकता |"[9] नाटक में कल्हन की पत्नी रेणुका हिरमन देव के खजाने से अंगूठी ले लेती है जिसे हिरमन देव लेकर जनता के खजाने के रूप में रख देता है | इस अंगूठी के कारण हिरमन देव की रियासत और जीवन दोनों चले जाते हैं | इस नाट्य कृति में आदिवासियों का शोषण बताया गया है | सन् 1878 में अंग्रेजों द्वारा बनाए गए वन कानून के पारित होने के बाद आदिवासियों को जंगल में प्रवेश करने पर पाबंदी लग गई | " जब जीवन का आधार, अर्थ उनसे छिना गया तो इसकी प्रतिक्रिया में अधिसंख्यक आदिवासी आंदोलन जागीरदारों, साहूकारों और अंग्रेजी सत्ता के खिलाफ हुए | यह संघर्ष आज भी चल रहा है | अपने ही घर वह बेगाने हो गए हैं |

लक्ष्मीनारायण लाल की नाट्यकृति 'नरसिंह कथा' इस नाटक की कथावस्तु नृसिंह अवतार की कथा है | मूल कथा में हिरण्यकशिपु अत्याचारी शासक है और उसका पुत्र प्रह्लाद तथा उसके पक्षधर यानी सत्य और धर्म की पक्षधर सारी प्रजा हिरण्यकशिपु के विरोधी |प्रह्लाद अपने पिता के अन्याय का विरोध करता है | वह उसकी सर्वशक्तिमत्ता और अहंकार को ईश्वर के समक्ष निरर्थक मानता है | प्रह्लाद की ईश्वर पर आस्था है | वह ईश्वर भक्त है और सांस्कृतिक मूल्यों का अधिष्ठान है | सत्य और न्याय के लिए पिता का विरोध करता है | हिरण्यकश्यपू प्रह्लाद को अपना सब से बड़ा शत्रु मानता है | उसे मारने के सभी उपाय करता है | प्रह्लाद ईश्वर को सर्व रक्षा समर्थ और सर्व व्यापक मानता है | हिरण्यकशिपु को छोड़ शेष सभी प्रह्लाद के साथ है | हिरण्य का अत्याचार बढ़ता है | जनता त्राहि-त्राहि करने लगती है | उसे लगता है राज्य कर्मचारी प्रह्लाद से मिले हुए

Scanned by CamScanner

'RESEARCH JOURNEY' International E- Research Journal
Issue - 286 (B) : हिंदी साहित्य में आदिवासी चेतना
Impact Factor : 6.625 Peer Reviewed Journal
E-ISSN : 2348-7143
February-2022

हैं और उसे मारना नहीं चाहते | वह प्रह्लाद को केले के खंभे से बांधकर अपने कृपण से स्वयं मारने का निश्चय करता है | कृपाण के उठते ही खंबा तोड़ नरसिंह रूप में ईश्वर प्रकट होता है और हिरण का विदीर्ण कर देता है |

इस नाट्य कृति में हिरण्यकशिपु तानाशाह का प्रतीक है और प्रह्लाद जनता की स्वतंत्र कामना का | नाटक का नरसिंह अर्थात प्रह्लाद का अभिन्न मित्र है जो जंगलों में रहता है | उसका स्वभाव पशु का है | वह वराह बनकर हिरण्य को मारना चाहता है | वह कहता है - " याद रखना हम जंगली, शुद्र, दलित, अनार्य जिन्हें न जाने कितने नाम दिए; हम एक दिन वराह बनकर तुम पर टूटेंगे | "[11] नाटक में हुतासन का चरित्र आदिवासी शोषितों कि संगठित शक्ति के प्रतीक रूप में है | वह लोकतंत्र के लिए तानाशाह की समाप्ती के औचित्य पर बल देता है | " मैं मनुष्य ही जंगल पशु | जानते हो पशु क्या होता ? वह अपनी आजादी के लिए कहाँ रहता है ? ... तुने अपने विरोधियों की हत्याकर हिंसा और दमन का जो राज शुरू किया वहाँ मनुष्य बने रहना असंभव था | "[12] अपने उपर हो रहे अन्याय का विरोध कर अपने अस्तित्व के लिए लढते आदिम व्यक्ती की दास्ता नरसिंह कथा हैं |

एक और द्रोणाचार्य शंकर शेष की रचना है | इसमें एकलव्य आचार्य द्रोणाचार्य का शिष्य बनना चाहता है | द्रोणाचार्य एकलव्य की प्रार्थना अस्वीकार करते हैं क्योंकि उनकी विद्या केवल ब्राह्मणों और क्षत्रियों के लिए है | तत्पश्चात एकलव्य उनका पुतला बनाकर उनके चरणों में बैठकर अभ्यास करता है | उसके ज्ञान को देखकर आचार्य धन्य हो जाते हैं एकलव्य कहता है | " आपके आशीर्वाद से मेरी विद्या कृतार्थ हुई | आपने वनवासी शिष्य से गुरु दक्षिणा मांगिए | "[13] आचार्य द्रोण से प्रेरणा पाकर एकलव्य धनुर्विद्या में निपुण हो जाता है | " वह पांडु या कौरवों का बेटा भले ना हो व्यासराज का पुत्र तो हैं ही | "[14] वह व्याध पुत्र होते हुए धनुर्विद्या प्राप्त करने का मूल्य अपना अंगूठा काटकर चुकाता है | आचार्य द्रोण एकलव्य से अंगूठा मांगते हैं क्योंकि " धनुर्विद्या पर उसका अधिकार हो जाएगा | धीरे-धीरे उसकी जाति का अधिकार हो जाएगा | शक्तिशाली होने के बाद ये क्षत्रियों से स्पर्धा करेंगे और परिणाम होगा वर्णाश्रय, धर्म पर संकट | "[15] उसका अंगूठा छीनकर द्रोणाचार्य आचार्य ने आनेवाली संभाव्य बातों को हमेशा के लिए रोकना चाहा है | एकलव्य परिपूर्ण होते हुए भी नकारा गया क्योंकि वह व्याध का पुत्र था | अंगूठे का दान मांग कर केवल एकलव्य को ही नहीं बल्कि उसकी संपूर्ण जाति को हमेशा के लिए विद्याओं से वंचित रखने का प्रयास किया गया |

धर्मवीर भारती के 'अंधा युग' नाटय कृति का कथानक महाभारत के उत्तरार्ध की घटना का है | - " महाभारत के अट्ठरहवे दिन की संध्या से लेकर प्रभास-तीर्थ में कृष्ण की मृत्यु के क्षण तक का वर्णन है | "[16] गांधारी ने श्रीकृष्ण को दिए हुए शाप के कारण व्याध और उसकी जाति सदा-सदा के लिए मनुष्य के मन में बस गयी है | गांधारी अपनी कुल को समाप्त होते देख कृष्ण को कहती है | " तो सुनो कृष्णा प्रभु हो या परात्पर हो, कुछ भी हो सारा तुम्हारा वंश इसी तरह पागल कुत्तों की तरह एक-दूसरे को परस्पर फाड़ खाएगा | तुम खुद उनका विनाशकर के कई वर्षों बाद किसी घने जंगल में साधारण व्याध के हाथों मारे जाओगे, प्रभु हो पर मारे जाओगे पशुओं की तरह | "[17] इस शाप की पूर्ति हुई कारण बना व्याध अर्थात जरा जो वृद्ध ज्योतिषी था उसका वध अश्वत्थामा ने किया जो प्रेत योनि में था | उस प्रेत योनि से उसे निकालने के लिए श्रीकृष्ण ने उसे बाण चलाने का आदेश दिया | अतः कृष्ण के पग को मृग वदन समझकर व्याध तीर को छोड़ देता है | यह द्वापर युग का अंत और कलियुग का आरंभ है जो एक सामान्य व्याध अर्थात बहेलिया शिकारी के हाथों हुआ है |

जगदीश गुप्ता के 'शम्बुख' नाटक की कथा डॉ. फादर कामिल बुल्के ने रामकथा में कई अनुच्छेदों (618 तथा 628, 632) में दे दी है | वाल्मीकि रामायण, पद्म पुराण, महाभारत के शांति पर्व (अध्याय 149) रघुवंश के 15 वे सर्ग, उत्तररामचरित के द्वितीय अंक तथा आनंद रामायण आदि के अनेक अध्यायों में समाहित मिलती है |

नाटक का पात्र शम्बुख कहता है _

" शूद्र हूं मैं
लिए काली देह
इसी से मुझ पर
तुम्हें संदेह " [18]

Scanned by CamScanner

वह भले ही शुद्र है किन्तु गुप्त जी ने उसे हरिजन की अपेक्षा 'भूमिपुत्र' के रूप में प्रस्तुत किया है | " मेरी दृष्टि मे शम्बुक ही नहीं सारे मनुष्य भूमिपुत्र कहलाकर नयी सार्थकता पाने के अधिकारी है | "[19] इस नाट्यकृती में वनदेवता तथा दंडकारण्य में आदिवासियों की स्थितियों की अभिव्यक्ति है | राम जब चौदह वर्ष का वनवास पाते हैं उस समय वह वन से अपरिचित नहीं थे, ना ही उस जनजीवन से | आदिवासियों के जीवन की दास्तां राम से कहीं जाती है

" ये निरक्षर वल्ल पिछडे लोग
सहते रहे कब तक यातनाएं
अधमरे ये कहां तक
संतोष को खाए चबाए
क्यों करें वन पालन
पशु की भांति अत्याचार
क्यों न मानव सा
इन्हें मिलता रहे व्यवहार | " [20]

यह आदिवासी अपनी दुनिया में जीते हैं _

" परों से माथा सजाए नग्न तन
बांध सिर पर सिंग, पशु चेहरे पहन
नाचती फिरती दिए गल बाहिया
आदिवासी नर्तकों की पंक्तियां | " [21]

वनवासी राम के वन में आने की खबर सुनकर उसकी राह जोहते हैं | उन्हें शवरी की बात याद है जो _

" जोहते हैं बाट ही दिन रात
झोप्ड़ों के बीच जूठे बेर
शवरियों ने कर लिए हैं ढेर | " [22]

इस नाट्यकृति में वनदेवता, दंडकारण्य अंश में शूद्र आदिवासी अर्थात भूमिपुत्रों की बात कहीं गयी है , तो रक्त तिलक अंश में शम्बुक और एकलव्य एक हो जाते हैं जो मनुष्यत्व के रूप में उभरते हैं | " त्रेता के शम्बुक को द्वापार के एकलव्य से जोड़ते हुए वर्तमान युग तक का संस्पर्श कर लेता है जिसकी चेतना का मूल आधार मानवीय सत्ता पर प्रतिष्ठित है | " [23]

'एक बार फिर ' डॉ. सुनील कुमार 'सुमन' द्वारा लिखा गया नाटक है | नाटक का प्रकाशन- " आदिवासी स्वर और नयी शताब्दी नामक पुस्तक में 2004 को हुआ जिसका निर्देशन स्वयं नाटककार ने किया तथा 17 सितंबर 2000 को जे.एन.यु. में यूनाइटेड दलित स्टूडेंट्स फोरम की ओर से मंचन किया गया " [24] यह नाट्यकृति वर्तमान परिप्रेक्ष्य को आंकती हैं | दलितों, आदिवासियों की उज्जलता को देखकर द्विज मानसिकता से युक्त बाबाओं, राजनेताओं की खोज खबर इसकी विशेषता है | डॉ. भीमसिंह के अनुसार _ " हिंदुत्व की कमान संभाले लोगों की दृष्टि से आदिवासी केवल वनवासी हैं | " [25]

बरमदलाल ... " हमारे यहाँ भरपूर कोशिश है कि आदिवासीयों को परंपरा और संस्कृति के नाम पर दलितों से एकदम अलग-थलग कर दिया जाये । चुरणमल.... जी गुरुदेव, इसके लिए हमने आदिवासीयों को वनवासी नाम दिया है | ताकि ये खुद को दलितों से अलग समझे | " [26] यह वह खेल है जो सियासती चालें चलता हैं | अपने स्वार्थ हेतु हर जाति, धर्म, पंथ सबको अपने-अपने हिस्से कर अपना उल्लू सीधा करना चाहते हैं |

घनश्याम सिंह भाटी 'प्यासा' की नाट्य कृति 'मोर्चा मानगढ़' ऐतिहासिक नाट्यकृति है | इसका मुख्य पात्र गोविंद गुरु है जो बंजारा समाज का होते हुए राजस्थान और गुजरात की सीमा पर भीलो में जनजागृति लाने का अभूतपूर्व कार्य करता है | वह भीलों में बेगारी, गुलामी, नशापान आदि से मुक्ति की चेतना का प्रयास करता है | मानगढ में अंग्रेज सरकार और जागीरदारों ने निहत्थे आदिवासियों पर गालियां गोलियां चलायी थी |

Scanned by CamScanner

अमानवीयता की दर्दनाक दास्तां कहलाने वाला मानगढ़ पहला जालियांवाला है | इस घटना में पंद्रह सौ से अधिक स्त्री पुरुष, बच्चे मारे गए थे | स्वतंत्र चेतना, सहज स्वाभाविक जीवन, सामूहिकता कि भावना, प्रकृति के प्रति अगाध श्रद्धा रखनेवाला आदिवासी वर्ग मनुष्य का आदिम रूप है जो उससे अभिन्न है |

ऋषिकेश सुलभ द्वारा 'धरती आबा' नाट्य कृति बिसरा मुंडा के जीवन को प्रस्तुत करती है | आदिवासियों के लिए चेचक, हैजा जैसी महामारीयों के रोगों से बचाव के तरीके बतानेवाला बिरसा मुंडा अंग्रेजी सत्ता तथा जागीरदारों के खिलाफ आंदोलन छेड़ता है | बिरसा ने छेड़ा आंदोलन तब तक चलेगा जब तक आदिवासी समाज अभाव, गरीबी, भूख, स्वास्थ्य की सुविधा, समान अवसरों से वंचित रहेगा |

घने जंगलों में रहनेवाला प्राचीन क्रमवाला वन्य समाज, ग्रामीण रीति-रिवाजों से जीवन जीनेवाला अर्धजन्य समाज तथा संस्कारित वन्य जमाती, हिंदू समाज रचना में समायी हुई जमाती या चाहे जो भी कहे औदयोगिकिकरण, शहरीकरण, बाजारीकरण और नए-नए बनते कानून आदि कई न कई कारणों से अपने अस्तित्व से दूर होता जा रहा है | मनुष्य की आदिम अवस्था उसके विकास की रफ्तार में कई दूर छूटती जा रहीं हैं और उपस्थित कर रहीं हैं | उनके जीवन के अनगिनत सवाल जो साहित्य की उपन्यास, कहानी, कविता आदि विभिन्न विधाओं में अभिव्यक्त हो रहे हैं | ऐसी स्थितियों में हिंदी नाट्य जगह कैसे पीछे रह सकता था | नरसिंह अर्थात हुतासना वाप्पा रावल, एकलव्य, व्यास, शबरी, शंबूक, हिरमा देव, विसरा मुंडा, गोविंद गुरु आदि पात्रों के माध्यम से आदिवासियों के जीवन संघर्ष की उनके हक की अभिव्यक्ति नाट्य साहित्य अपने नाटकों में करता रहा हैं |

संदर्भ सूचि :

1. महाराष्ट्रातील आदिवासी मराठी साहित्य : एक शोध, डॉ. माहेश्वरी गावित, पृ. 2
2. संस्कृत शब्दार्थ कौस्तुभ,संपा. पं. शर्मा चतुर्वेदी, द्वारका प्रसाद तथा झा तारिणी, तृतीय संस्करण - 1967 , पृ. 184
3. मराठी व्युत्पत्ती कोश, कुलकर्णी.कृ. पा. द्वितीय आवृत्ती 1964, पृ. 74.
4. महाराष्ट्रातील आदिवासी मराठी साहित्य : एक शोध, डॉ. माहेश्वरी गावित, पृ. 4
5. नरसिंह कथा, लक्ष्मीनारायण लाल और उनका नाट्य, लक्ष्मीनारायण लाल, पृ. 79
6. प्रकाश स्तंभ - हरिकृष्ण प्रेमी, संकेत .
7. प्रकाश स्तंभ - हरिकृष्ण प्रेमी, पृ. 8
8. प्रकाश स्तंभ - हरिकृष्ण प्रेमी, पृ. 99
9. हिरमा की अमर कहानी - हबीब तनवीर, पृ. 8-9
10. हिंदी नाट्य साहित्य में आदिवासी जीवन - डॉ. भीम सिंह, पृ. 203
11. नरसिंह कथा, लक्ष्मीनारायण लाल, पृ. 30
12. नरसिंह कथा, लक्ष्मीनारायण लाल, पृ. 62
13. एक और द्रोणाचार्य - शंकर शेष पृ. 34
14. एक और द्रोणाचार्य - शंकर शेष पृ. 35
15. एक और द्रोणाचार्य - शंकर शेष पृ. 36
16. अंधा युग - धर्मवीर भारती, निर्देशन के बाद
17. अंधा युग - धर्मवीर भारती, पृ. 81
18. शम्बुक - जगदीश गुप्त, पृ. 62
19. शम्बुक - जगदीश गुप्त, कवी कथन, पृ. 14
20. शम्बुक - जगदीश गुप्त, पृ. 29

Scanned by CamScanner

21. शम्बुक - जगदीश गुप्त, पृ. 38
22. शम्बुक - जगदीश गुप्त, पृ. 31
23. शम्बुक - जगदीश गुप्त, कवी कथन पृ. 14
24. आदिवासी केंद्रित हिंदी साहित्य - संपा. डॉ. उषा कीर्ती राणावत पृ. 204
25. हिंदी नाट्य साहित्य में आदिवासी जीवन - डॉ. भीम सिंह, पृ. 204
26. एक बार फिर - डॉ. सुशील कुमार, पृ. 281

Scanned by CamScanner

SWATIDHAN PUBLICATIONS Price : Rs. 1000/-
For Details Visit To : www.researchjourney.net

Scanned by CamScanner